www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

# विषय–हिन्दी विशिष्ट

**Set-B**

**निर्देश :** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कुल 25 प्रश्न हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ है। खण्ड (अ) में 5 अंक बहुविकल्पीय एवं खण्ड (ब) में 5 अंक रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए निर्धारित हैं। कुल 10 अंक हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 में 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 में 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 में 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 में 5 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 100 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 में 8 अंक निर्धारित हैं। निबंध लेखन में शब्द-सीमा 250 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

**1. खण्ड (अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) ...... धन आने से बाकी सभी तरह के धन धूल के समान हो जाते हैं।
(अ) गोधन (ब) गजधन
(स) रतनधन (द) संतोषधन।

(ii) "यही मेरी भिक्षा है। मैं तुम्हारे आगे आँचल पसारती हूँ।"—यह कथन है :
(अ) फिरंगी मेम का (ब) लहनासिंह का
(स) सूबेदार का (द) सूबेदारनी का।

(iii) 'पद्मावत' के रचनाकार हैं :
(अ) सूर (ब) तुलसी
(स) जायसी (द) मीरा।

(iv) "लक्ष्मी थी या दुर्गा थी या स्वयं वीरता की अवतार"—इन पंक्तियों में अलंकार है—
(अ) संदेह (ब) विभावना
(स) दृष्टांत (द) व्यतिरेक।

(v) 'उद्धव शतक' किसके अन्तर्गत आता है ?
(अ) प्रबंध-काव्य (ब) मुक्तक काव्य
(स) खण्ड-काव्य (द) महाकाव्य।

**1. खण्ड (ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) महाभारत युद्ध में हुए ध्वंस को देखकर ............ अत्यंत दु:खी हैं।

(ii) कवि मुक्तिबोध के अनुसार पूरी दुनिया साफ करने के लिए ........., की आवश्यकता है।

(iii) छप्पय छंद में ............ चरण होते हैं।

(iv) चुरकी और ............ बहिनें थीं।

(v) जमुना प्रसाद कसार ने नारी को ............ कहा है।

2. आख्यायिका और निबंध में क्या अंतर है ?

3. पुरुषार्थ क्या है ?

4. खेती के दिनों में स्त्रियाँ घर में अकेली क्यों रहती हैं ?

5. 'फ्रीस्टाइल गवाही' एकांकी का उद्देश्य लिखिए।

6. 'गीता भाष्य' के प्रणेता को कौन-सी उपाधि दी गई और क्यों ?

7. कोष्ठक में दिए गए निर्देश के अनुसार वाक्यों को परिवर्तित कीजिए :
(i) धातुओं में सोने से अधिक कीमती कोई धातु नहीं है। (विधिवाचक वाक्य)
(ii) जब तक पुत्र नहीं आया, माँ ने भोजन नहीं किया। (सरल वाक्य)

8. वात्सल्य रस की परिभाषा तथा उदाहरण लिखिए।

9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :
(i) चार चाँद लगाना
(ii) नौ दो ग्यारह होना
(iii) घी के चिराग जलाना।

10. 'संयुक्त परिवार का सुख' विषय पर अपने विचार लिखिए।

11. विश्वमंदिर में कौन-कौन से महावाक्य खुदे होंगे ?

12. रहस्यवाद के तीन कवियों तथा प्रत्येक की एक-एक रचना का नाम लिखिए।

13. 'सहयोग, श्रम और शांति' कविता का संदेश लिखिए।

14. श्रद्धा और प्रेम में कोई चार अंतर लिखिए।

**अथवा**

स्थूल रूप से श्रद्धा कितने प्रकार की होती है? प्रकारों को संक्षेप में समझाइए।

15. पद्मावती के सौंदर्य का सरोवर पर क्या प्रभाव पड़ा?

**अथवा**

मिट्टी और मनुष्य के अटूट संबंध के विषय में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

16. लोग निंदक क्यों बन जाते हैं? निंदा की प्रवृति से बचने के उपाय लिखिए।

**अथवा**

लोकमान्य तिलक को जेल में किन यंत्रणाओं से गुजरना पड़ा?

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

17. विराट सत्ता के विषय में मनु के चिंतन को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'इंद्रनीलमणि महाचषक' के आशय को स्पष्ट कीजिए।

18. पं.चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' **अथवा** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ (कोई **दो**)

(ii) भाषाशैली (**तीन** विशेषताएँ)

(iii) साहित्य में स्थान

19. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' **अथवा** घनानंद का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ (कोई **दो**)

(ii) भावपक्ष तथा कलापक्ष (**तीन** विशेषताएँ)

20. अपने छोटे भाई प्रबुद्ध को एक पत्र लिखिए जिसमें उसे शाला के साहित्यिक तथा विज्ञान संबंधी कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया हो।

**अथवा**

बिलासपुर नगर के सहायक मंत्री को जल की अनियमित पूर्ति के लिए एक शिकायती पत्र लिखिए।

21. चीनी फेरीवाला अपने देश वापस क्यों चला गया? महादेवी वर्मा ने उसे किस प्रकार सहायता की?

**अथवा**

गिरहटकों को गिरोह में चीनी फेरीवाला को क्या-क्या अनुभव हुए। इन अनुभवों से उसने क्या सीखा?

22. किसी **एक** गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

"तरुणों के लिए जैसे भविष्य उज्ज्वल होता है, वैसे ही वृद्धों के लिए अतीत। वर्तमान से दोनों को असंतोष होता है। तरुण भविष्य को वर्तमान में लाना चाहते हैं और वृद्ध अतीत को खींचकर वर्तमान में देखना चाहते हैं। तरुण क्रांति के समर्थक होते हैं और वृद्ध अतीत गौरव के संरक्षक। इन्हीं दोनों के कारण वर्तमान सदैव क्षुब्ध रहता है और इसी से वर्तमान काल सदैव सुधारों का काल बना रहता है।"

**अथवा**

"निंदा की ऐसी ही महिमा है। दो-चार निंदकों को एक जगह बैठाकर निंदा में निमग्न देखिए और तुलना कीजिए दो-चार ईश्वर-भक्तों से जो रामधुन गा रहे हैं। निंदकों की सी एकाग्रता,परस्पर आत्मीयता, निमग्नता भक्तों में दुर्लभ है। इसलिए संतों ने निंदकों को 'आंगन कुटी छवाय' पास रखने की सलाह दी है।"

23. किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

"सोना, सज्जन, साधु जन टूटि जुरै सौ बार।
दुर्जन कुंभ कुंभार के एकै धका दरार।।
दुर्लभ मानुष जनम है, देह न बारंबार।
तरुवर ज्यों पत्ता झड़े, बहुरि न लागै डार।।"

**अथवा**

"असफलता का धूल-कचरा ओढ़े हूँ
इसलिए कि वह चक्करदार जीनों पर मिलती है
छलछद्म धन की।
किन्तु मैं सीधी-सादी पटरी-पटरी दौड़ा हूँ
जीवन की।"

24. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कपाल अर्थात् मस्तिष्क और भाति का अर्थ होता है तेज। जिस प्राणायाम को करने से माथे पर तेज बढ़ता हो वह कपालभाति प्राणायाम है इसमें श्वास को शक्तिपूर्वक बाहर छोड़ते हैं। श्वास को भरने के लिए प्रयत्न नहीं करते। ऐसा करते हुए पेट में भी आकुंचन व प्रसारण की क्रिया होती है। इस प्राणायाम को न्यूनतम 5 मिनट आवश्य करना चाहिए। कपालभाति प्राणायाम से मस्तिष्क तथा मुख्य पर तेज, आभा तथा सौंदर्य बढ़ता है। मोटापा, मधुमेय, अम्लपित्त जैसे रोग दूर होते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) कपालभाति प्राणायाम का क्या अर्थ है?

(iii) कपालभाति प्राणायाम कैसे किया जाता है?

(iv) इस प्राणायाम को कम से कम कितनी देर तक अवश्य करना चाहिए?

(v) इस प्राणायाम से कौन-से रोग दूर होते हैं?

25. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए :

(i) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका

(ii) पर्यावरण संकट

(iii) भारतीय संस्कृति का महत्व

(iv) आधुनिक भारतीय महिला

(vi) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व।

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com